क्रिकेट

रैस्ट ऑफ एमपी 'बी' को 284 रनों से हराकर दर्ज की शानदार जीत

# भोपाल संभाग ने जीती भाऊ साहब निंबालकर ट्रॉफी



**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एवं जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वावधान में संपन्न भाऊ साहेब निंबालकर अंडर-18 बालक वर्ग ट्रॉफी 2025-26 का खिताब भोपाल संभाग ने अपने नाम कर लिया। भोपाल ने रैस्ट ऑफ एमपी 'बी' को 284 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर 9 अंकों के साथ ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। चार दिवसीय लीग मुकाबलों में भोपाल संभाग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 9 अंक अर्जित किए। रैस्ट ऑफ एमपी 'बी' 6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि रैस्ट ऑफ एमपी 'ए' 3 अंकों पर सिमट गया। अंतिम मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल संभाग ने 270 रन (95.5 ओवर) बनाए। ओजस शुक्ला ने 69 और कनिष्क गौतम ने 38 रनों का योगदान दिया। जवाब में रैस्ट ऑफ एमपी 'बी' की टीम 156 रन (54.3 ओवर) पर ऑलआउट हो गई। हर्ष मंगलानी ने 67 और सेजल भादे ने 35 रन बनाए। भोपाल के देवांश भनड़ोलिया ने घातक गेंदबाजी करते हुए 17.3 ओवर में 38 रन देकर 6 विकेट झटके।

### 406 रनों का रखा विशाल लक्ष्य

भोपाल ने दूसरी पारी में 9 विकेट पर 292 रन बनाकर पारी घोषित की और 406 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। कनिष्क गौतम ने 99 और प्रतीक शुक्ला ने 78 रन की शानदार पारियां खेलीं।

रैस्ट ऑफ एमपी 'बी' की ओर से मोहित पटेल ने 5 विकेट हासिल किए।

### 122 रनों पर सिमटी

406 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रैस्ट ऑफ एमपी 'बी' दूसरी पारी में मात्र 122 रन पर सिमट गई। शिखर देशमुख ने 31 और शिवम पटेल ने 29 रन बनाए। भोपाल के ओजस शुक्ला ने 3 विकेट लिए।

### विजेता टीम को प्रदान की ट्रॉफी

मुख्य अतिथि जेडीसीए अध्यक्ष निशिथ भाई पटेल ने विजेता भोपाल संभाग को ट्रॉफी प्रदान की। देवांश भनड़ोलिया को 7 विकेट की शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। समारोह में जेडीसीए सचिव सुशील रजक, कोच, अंपायर और चयनकर्ता सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## हैंगओवर और शिव 11 ने दर्ज की शानदार जीत

▶ डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** इंटक खमरिया के तत्वाधान में चल रही स्वर्गीय आर.एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में 22 अप्रैल को खेले गए दो मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहले मैच में हैंगओवर ने यूनिटी बॉयज को और दूसरे मैच में शिव 11 ने फ्रेंड्स 11 को हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले मैच में हैंगओवर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 10 ओवरों में टीम ने 6 विकेट खोकर 93 रन बनाए। मोनू ने 23 गेंदों पर 33 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। जवाब में यूनिटी बॉयज की टीम 48 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह हैंगओवर ने 45 रन से मैच जीत लिया। गेंदबाजी में हर्ष शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने।

### फ्रेंड्स 11 की टीम 52 रनों पर सिमटी

दूसरे मुकाबले में शिव 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 114 रन बनाए। मौसम ने 22 गेंदों में 45 रनों की विस्फोटक पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स 11 की टीम 52 रन पर सिमट गई। इस तरह शिव 11 ने एकतरफा मुकाबले में जीत दर्ज की। मौसम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### ये रहे उपस्थित

मुख्य अतिथि के रूप में इंटक यूनियन खमरिया के रामबाबू मीणा, मुकेश मुखिया, प्रकाश ठाकुर और अजीत यादव उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका कमलेश तिवारी, सुधीर सिंह, भूपेंद्र और निखिल यादव ने निभाई। प्रतियोगिता में यूनियन के अनेक पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंटरप्ले ऑफ फॉरेस्ट एंड कंजरवेशन लॉ पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जबलपुर, नवभारत।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, उच्च न्यायालय ईकाई, जबलपुर महाकौशल प्रांत द्वारा स्टडी सर्किल व्याख्यान इवोल्यूशन एंड इंटरप्ले ऑफ फॉरेस्ट एंड कंजरवेशन लॉ इन इंडिया विषय पर आधारित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवम् दीप प्रज्वलन के साथ किया गया और सभी मंचासीन अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट अंशुमान सिंह ने वाइल्ड लाइफ संबंधी कानून के विभिन्न पक्षों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। वही




पर्यावरण एवम् वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे अंशुमान सिंह द्वारा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, राष्ट्रीय उद्यान, टाइगर रिजर्व आदि सभी पहलूओं पर ध्यान आकर्षित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर छेत्रीय संयोजक प्रदीप सिंह, अति महाधिवक्ता जान्हवी पंडित, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरु, हाईकोर्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष देवझेन्द्र गंगराड़े सहित अन्य मंचासीन रहे। वही कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट पीयूष जैन, आलोक अग्निहोत्री द्वारा किया गया। वही अधिवक्ता परिषद के सभी सम्मानित सदस्यगण एवं अधिक संख्या में युवा अधिवक्तागणों की भागीदारी देखने को मिली।

## स्व. मोहन शशि को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

▶ रादुविवि पत्रकारिता विभाग में स्मृति-श्रद्धांजलि व छायाचित्र अनावरण



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार स्व. मोहन शशि की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं छायाचित्र अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चैतन्य भट्ट ने उन्हें निष्पक्ष, संवेदनशील और जनसरोकारों के प्रति समर्पित पत्रकार बताते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। मुख्य अतिथि शरद चंद पालन, विशिष्ट अतिथि अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, समाजसेवी राजेश दुबे, वरिष्ठ संगीतकार पं. रुद्रदत्त दुबे और डॉ. बैजनाथ गौतम की उपस्थिति में साहित्यकारों, पत्रकारों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र पाठक ने उन्हें आदर्श पत्रकार बताया, जबकि डॉ. आनंद सिंह राणा ने उनके साहित्यिक योगदान को अमिट बताया।

समाजसेवी राजेश दुबे और पं. रुद्रदत्त दुबे ने उनके निधन को समाज व पत्रकारिता के लिए अपूरणीय क्षति बताया। डॉ. बैजनाथ गौतम ने कहा कि उन्होंने 'मिलन' संस्था के माध्यम से शहर की साहित्यिक गतिविधियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाई।

**ये रहे उपस्थित** -कार्यक्रम में राज सागरी, सुरेश मिश्र 'विचित्र', उदयभानु सिंह, यूसी दुबे, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, गंगाचरण मिश्र, नीलेश चौधरी, पीयूष श्रीवास्तव, राजेश मालवीय, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. रिंकेश भट्ट, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. जावेद, डॉ. शैलेश प्रसाद, डॉ. प्रमोद पाण्डेय, डॉ. मोहनिका गजभिए सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सदिक खान ने किया।

## मोक्ष का मार्ग है श्रीमद्भागवत कथा : इंद्रभानु

▶ ग्वारीघाट स्थित श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर में भागवत कथा



**जबलपुर।** ग्वारीघाट स्थित श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर, ललपुर रोड में महंत प्रमोद महाराज जी की अध्यक्षता में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा वाचक भागवताचार्य स्वामी इंद्रभानु जी महाराज ने व्यास पीठ से 'मोक्ष का मार्ग है भागवत कथा' विषय पर दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने धुंधुकारी की प्रेत योनि से मुक्ति, गोकर्ण प्रसंग तथा राजा परीक्षित एवं शुकदेव जी के दिव्य मिलन का भावपूर्ण वर्णन किया। इन प्रसंगों को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। स्वामी जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल ग्रंथ नहीं, साक्षात श्रीहरि का स्वरूप है, जिसके श्रवण मात्र से पापों से मुक्ति संभव है। आज की आरती एवं विशेष पूजन में शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की, जिनमें जगत देव जी महाराज, सरिता कन्हैया गुप्ता, सरिता राकेश गुप्ता, बिहारी लाल गुप्ता, संध्या (रेवा प्राइड), श्रीमती किरण शुक्ला, मृदुला चौहान, वी. के. पांधी, महक सेठी, शैली दुबे एवं चंचल सक्सेना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डॉ. रवि राय ने बताया कि कथा के तीसरे दिन सती चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं अन्य दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

## चौपाल लगाकर अफसरों ने सुनीं जनता की समस्याएं

▶ शहर से गांव तक सीधा संवाद, मौके पर हुआ शिकायतों का निपटारा



**जबलपुर।** पुलिस और जनता के बीच की दूरी को पाटने और कम्युनिटी पुलिसिंग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने एक विशेष जनसंवाद अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशानुसार, सोमवार शाम समूचे जिले में एक साथ पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। शहर की तंग गलियों से लेकर ग्रामीण अंचलों के पंचायत भवनों तक पुलिस अधिकारी खुद पहुँचकर जनता के बीच बैठे। चौपाल के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। कई छोटी शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि गंभीर मामलों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल जाँच और समय सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अपराध शाखा के जितेन्द्र सिंह, जोन-2 की सुश्री पल्लवी शुक्ला, यातायात प्रमुख सुश्री अंजना तिवारी और ग्रामीण क्षेत्र के एएसपी सूर्यकांत शर्मा सहित जिले के सभी सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाई।

**अहम मुद्दों पर किया जागरूक**

संवाद के दौरान पुलिस ने नागरिकों को वर्तमान दौर की चुनौतियों से निपटने के गुर सिखाए। डिजिटल फ्रॉड से बचने और सोशल मीडिया की अफवाहों पर लगाम लगाने की अपील की। महिला सुरक्षा और बाल अपराधों को रोकने हेतु कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए सामुदायिक सहयोग माँगा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई।

**आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय पैदा करना है : एसपी**

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने बताया कि इस पहल का मुख्य लक्ष्य पुलिस के प्रति आमजन में विश्वास जगाना और अपराधियों में भय पैदा करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसंवाद की यह प्रक्रिया भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी ताकि आम नागरिक बिना किसी हिचक के अपनी बात पुलिस तक पहुँचा सकें। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि आम आदमी खुद को सुरक्षित महसूस करता है।

## किसान संघ सौंपेगा कलेक्टर को ज्ञापन

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला जबलपुर द्वारा आज 24 अप्रैल को 3 बजे घंटाघर, जबलपुर जिले में गेहूं खरीदी मे आ रही समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। इस दौरान जबलपुर में निवासरत अखिल भारतीय, प्रदेश, प्रांत, जिला, तहसील, ग्राम समिति, एवं किसानों की उपस्थिति अपेक्षित है।

## शहपुरा में तेल डिपो के बाहर पेट्रोल चोरी का भंडाफोड़, टैंकर चालक गिरफ्तार

**जबलपुर।** शहपुरा पुलिस ने इंडियन ऑयल डिपो के ठीक सामने टैंकर से पेट्रोल चोरी करते एक टैंकर चालक को रंगे हाथों पेट्रोल निकालते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि इंडियन आईल डिपो शहपुरा के सामने रोड पर खड़े एक टैंकर से पेट्रोल की अवैध निकासी की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। वहां का नजारा देख पुलिस भी दंग रह गई। टैंकर क्रमांक एमपी 20 जेड ए 8174 से सटक लगाकर बड़ी ही चालाकी से पेट्रोल निकाला जा रहा था। पुलिस को देखते ही पेट्रोल निकाल रहे व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी राम सुशील यादव (38) निवासी कोल्हाई रीवा ने पूछताछ में कबूल किया कि वह उसी टैंकर का चालक है और डिपो से तेल लोड करने के बाद मुनाफाखोरी के चक्कर में पेट्रोल निकाल रहा था। जांच में पाया गया कि टैंकर में कुल 12,000 लीटर पेट्रोल लोड था। आरोपी ने इसमें से करीब 65 लीटर पेट्रोल दो नीले रंग की जरीकेन में निकाल लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 65 लीटर पेट्रोल कीमत लगभग 6,500 रुपये, 3 प्लास्टिक बाल्टी और चोरी में प्रयुक्त सटक-चाडी जब्त की है। टैंकर में शेष बचा 11,935 लीटर पेट्रोल सुरक्षित पाया गया है। पुलिस अब इस मामले में यह भी पता लगा रही है कि आरोपी यह तेल किसे बेचने वाला था।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, प्रियंका तिवारी, पति श्री राजेश तिवारी, निवासी जे.पी. तिवारी, 810/ए, जामदार हॉस्पिटल, गोल बाजार, राइट टाउन, जबलपुर (म.प्र) 482001, आधार नं. 5468 6535 1917 की निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि :- 1. यह कि, मै उक्त पते पर निवास करती हुँ । 2. यह कि मेरी शादी के पहले मेरे आधार कार्ड नं. 5468 6535 1917 में मेरा नाम रूबी दुबे दर्ज था, जो कि सही व सत्य था। 3. यह कि मेरे विवाह पश्चात मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5468 6535 1917 एंव मेरे पेन कार्ड नं. BAKPT5677D में मेरा नाम परिवर्त होकर प्रियंका तिवारी दर्ज हो गया है। जो कि सही व सत्य है। 4. यह कि मेरे द्वारा उपर दी गयी जानकारी सत्य व सही है। 5. इस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**पश्चिम मध्य रेल**

वाणिज्य विभाग, जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **Category :** पार्किंग, **Catalogue No. :** Parking-KTES-26, **Lot No. :**PARKING-JBP-KTES-MX-70-26-1(Parking - Mixed), **Assets Details :** कटनी साउथ स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिए, **Auction Start :** 30.04.2026 (15:00 hrs.), **Auction End :** 30.04.2026, (15:30 hrs.) संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction - Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## जेईई मेन्स में एईएसएल के 11 स्टूडेंट्स क्वालिफ़ाई

**नवभारत,जबलपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड (एईएसएल), जबलपुर के छात्रों ने जेईई मेन्स 2026 (सेशन 2) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता साबित की है। इस वर्ष कुल 11 छात्रों ने सफलता हासिल की, जिनमें कई ने 98 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए। राघवेंद्र उपाध्याय ने 99.67 परसेंटाइल और ऑल इंडिया रैंक 5368 के साथ सेंटर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उनके साथ आर्यमन सिंह सोलंकी (99.53), हर्षवर्धन गुप्ता (99.50), आयुष मिश्रा (99.22), सर्वज्ञ जैन (98.80) और शशांक कुमार (98.76) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अन्य सफल छात्रों में पाराश अग्रवाल, मननदीप सिंह कोहली, शुभ तिवारी, पूर्णिमा और अभिनव सिंह शामिल रहे।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म0प्र0)**

नि0सू0क्र0/01-02/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2026 डिण्डौरी, दिनांक 13.04.2026

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 16.04.2026 को दोपहर 17.30 बजे से दिनांक 28.04.2026 को शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।

**निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।**

| स0 क्र0 | ई निविदा क्र0 | नि.सू. क. | वि.ख. /जिला | विवरण | अनु0लागत (PAC) (रू0 | धरोहर राशि(PAC) (रू0 मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 मे) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PHED_500965_1 | 01 | डिण्डौरी | जिला डिण्डौरी अंतर्गत विभिन्न ग्रामों 300/100 मि.मी. व्यास के नलकूप खनन का कार्य। | 69.57 | 69570.00 | 10000.00 | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2026_PHED_500966_1 | 02 | डिण्डौरी | जिला डिण्डौरी अंतर्गत विभिन्न ग्रामों 150/125/115 मि.मी. व्यास के नलकूप खनन का कार्य। | 62.36 | 62360.00 | 10000.00 | प्रथम आमंत्रण |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
डिण्डौरी (म0प्र0)

जी.- 11963/26 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना
द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2026 की हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए
द्वितीय परीक्षा का आयोजन

परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि में 26.04.2026 तक की वृद्धि की गई है

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2026 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125454/2026